Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:19 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:33 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 129 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 11 नवंबर 2024



लाहौर 1947 से पहले इन...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### ततैयों ने किया अचानक हमला, चार साल के मासूम की मौत

**उत्तरकाशी।** पुरोला में भाई-बहनों पर ततैया ने हमले कर दिया, जिसमें भाई की मौत हो गई। हादसे के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। उत्तरकाशी जिले के मांडिया गांव में स्कूल से घर लौट रहे भाई -बहन पर ततैयों ने हमला कर दिया। इसमें चार साल के भाई की मौत हो गई। जबकि उसकी बड़ी बहन की हालत गंभीर है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे एक दिन पहले ततैयों के हमले में टिहरी के जौनपुर ब्लॉक के रियाट गांव में एक 67 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। जानकारी के मुताबिक मांडिया गांव में रहने वाले राजकुमार की बेटी रिया (12) पास के ही प्राथमिक विद्यालय मांडिया में पढ़ती है। शनिवा को राजकुमार अपने बेटे रिहान (4) को बेटी के पास स्कूल छोड़कर गए थे। बताया जा रहा है कि जब दोनों स्कूल से घर लौट रहे थे तो ततैयों के झुंड ने हमला कर दिया। इस दौरान जहां पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। आनन-फानन में परिजनों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने रिहान को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार सहित गांव में शोक की लहर है।

### ट्रेन से उतर रहे यात्री का मोबाइल लूटकर फरार चोर

**हल्द्वानी।** ट्रेनों व रेलवे स्टेशन पर चोरी व लूटपाट की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं लेकिन जीआरपी पुलिस इन घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हुई है इस बार लुटेरों ने ट्रेन से उतर रहे एक यात्री का मोबाइल लूटकर फरार हो गए। यात्री के भाई ने जीआरपी पुलिस को अज्ञात लुटेरे के खिलाफ तहरीर सोपी है। सौंपी तहरीर में दो नहरिया भोटिया पड़ाव निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र आनंद सिंह ने कहा है कि उसका भाई हरीश सिंह बिष्ट 9 नवंबर को रानीखेत एक्सप्रेस से हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पहुंचा था तभी दो अज्ञात लोग उसका मोबाइल लूट कर वहां से फरार हो गए हैं उसका कहना है कि उसके भाई ने लुटेरों का पीछा किया लेकिन लुटेरे भागने में कामयाब रहे। मामले की तहरीर जीआरपी थाना पुलिस को सौंपी है। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# जस्टिस संजीव खन्ना बने देश के 51वें सीजेआई, राष्ट्रपति ने दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

नई दिल्ली
एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में जस्टिस संजीव खन्ना को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जस्टिस खन्ना ने रविवार को सेवानिवृत्त हुए जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की जगह ली। उनका कार्यकाल 13 मई, 2025 तक रहेगा। जस्टिस संजीव खन्ना सोमवार को देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश बन गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुबह 10 बजे राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जस्टिस खन्ना ने रविवार को सेवानिवृत्त हुए जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की जगह ली। जस्टिस खन्ना



का कार्यकाल 13 मई, 2025 तक रहेगा। जस्टिस खन्ना चुनावी बॉन्ड योजना खत्म करने और अनुच्छेद 370 निरस्त करने जैसे ऐतिहासिक फैसलों का हिस्सा रहे हैं। बतौर सीजेआई लंबित मामलों की संख्या घटाना और न्याय में तेजी लाना उनकी प्राथमिकता होगी।

### छह माह संभालेंगे मुख्य न्यायाधीश की कुर्सी

दिल्ली के प्रतिष्ठित परिवार से तालुक रखने वाले जस्टिस संजीव खन्ना तीसरी पीढ़ी के वकील रहे हैं। उन्होंने न्यायाधीश बनने से पहले अपने करिअर की शुरुआत 1983 में तीस हजारी कोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस के साथ की थी। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में भी वकालत की और अब अगले छह माह तक देश के मुख्य न्यायाधीश की कुर्सी संभालेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट में 2019 में रखा कदम

जस्टिस खन्ना को 18 जनवरी 2019 को कॉलेजियम की सिफारिश पर सुप्रीम कोर्ट में एलिवेट किया गया। सुप्रीम कोर्ट आने के बाद वे 17 जून 2023 से 25 दिसंबर 2023 तक सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विस कमेटी के अध्यक्ष रहे। अभी नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी के कार्यकारी अध्यक्ष और नेशनल ज्यूडिशल एकेडमी भोपाल के गवर्निंग काउंसिल मेंबर हैं। वह अगले साल 13 मई को सेवानिवृत्त होंगे।

प्रदर्शन को देख सुबह से ही भारी फोर्स तैनात

# यूपीपीएससी दफ्तर के बाहर प्रदर्शकारियों पर लाठीचार्ज

लखनऊ
एजेंसी

यूपीपीएससी दफ्तर के बाहर प्रतियोगी छात्रों के प्रदर्शन की घोषणा के मद्देनजर भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। आयोग की तरफ जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया गया है और आने जाने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। आयोग की तरफ बढ़ रहे छात्रों की भीड़ की पुलिस ने खदेड़ दिया। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से प्रस्तावित पीसीएस प्रारंभिक और आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा दो दिन कराने के विरोध में प्रतियोगी छात्रों ने आंदोलन शुरू कर दिया है।

आंदोलन की तैयारी के मद्देनजर जिला प्रशासन और आयोग प्रशासन में खलबली मच गई है। इसको देखते हुए सोमवार को सुबह से ही भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। आयोग की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग की गई है और पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। आयोग



की तरफ बढ़ रहे प्रतियोगी छात्रों को पुलिस ने खदेड़ दिया। इससे छात्रों की भीड़ में भगदड़ मच गई। पूरे जिले की फोर्स को मौके पर बुला ली गई है। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद पुलिस ने छात्रों के ऊपर बल प्रयोग करना पड़ा। छात्रों में भगदड़ मच गई। बड़ी संख्या में प्रतियोगी छात्राएं भी आंदोलन में पहुंची थीं। लाठीचार्ज के बाद छात्र तितर बितर हो गए। मौके पर पीएसी और पुलिस के साथ ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां बुला ली गई हैं। महाकुंभ को लेकर पुलिस लाइंस स्थित त्रिवेणी सभागार में पुलिस अधिकारियों की कोचिंग संचालकों व एसोसिएशन के अध्यक्ष संग बैठक हुई। इसमें प्रतियोगी छात्रों की ओर से उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग पर प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को लेकर संचालकों ने कहा कि कोचिंग संस्थान सोमवार को भी संचालित होंगे। वह किसी भी छात्र आंदोलन का समर्थन नहीं करते हैं। महाकुंभ के दौरान भीड़ की होल्डिंग के लिए कोचिंग संस्थानों के कैंपस का इस्तेमाल करना, भीड़ नियंत्रण में कोचिंग संस्थानों के कर्मचारियों व छात्रों की उपयोगिता आदि बिंदुओं पर मंथन किया गया।

# आंदोलन: छात्र संघ चुनाव की तिथि को लेकर सीएम धामी को भेजा ज्ञापन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

शिक्षा नगरी नैनीताल में पिछले कई दिनों से छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित न होने को लेकर छात्रों का आंदोलन तेज होता जा रहा है सोमवार उत्तराखंड युवा एकता मंच की ओर से कुमाऊं आयुक्त कार्यालय में अपर आयुक्त जीवन सिंह नग्याल के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा गया है। इस दौरान छात्र नेताओं ने छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की।

सोमवार को छात्रों ने कमिश्नरी पहुंचने का प्रयास किया। इससे पूर्व पुलिस ने उन्हें लोक निर्माण कार्यालय के पास रोक लिया। जिसके बाद अपर आयुक्त यहां पहुंचे और छात्र नेताओं ने कहा छात्रसंघ चुनाव केवल एक चुनावी प्रक्रिया नहीं हैं, बल्कि यह युवाओं की आवाज को सुनने और उनके मुद्दों को उठाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। चुनाव न कराने से छात्रों में निराशा और असंतोष बढ़ सकता है, उन्होंने सरकार पर चुनाव नहीं कराने की मंशा का आरोप लगाया। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह पुराने शासनादेश को वापस लेकर चुनाव कराने का निर्णय ले, ताकि छात्रों को अपने अधिकारों का उपयोग करने का अवसर मिल सके। इस मौके पर आशीष कबाड़वाल, अभिषेक बिष्ट, पवन रावत, करन दनाई, करन सती, तनिष्क मेहरा, वैष्णवी आदि छात्र-छात्र नेता उपस्थितथ उपस्थित रहे।



# पाकिस्तानी डॉन ने मिथुन चक्रवर्ती को दी धमकी

मुंबई
एजेंसी

दादा साहब फाल्के अवॉर्ड विजेता अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को पाकिस्तानी डॉन गैंगस्टर शहजाद भट्टी ने धमकी दी है। उसने दिग्गज कलाकार को माफी मांगने की नसीहत भी दे डाली है।

दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी ने धमकी दी है। उसने यह धमकी अभिनेता का उनके कथित भड़काऊ भाषण के बाद दी है। शहजाद ने अभिनेता को माफी मांगने की नसीहत तक दे डाली है। उसने यह धमकी



दुबई से दी है। दादा साहब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित मिथुन चक्रवर्ती ने पिछले महीने उत्तर 24 परगना जिले में एक पार्टी कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से भड़काऊ भाषण दिया। इसके बाद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। अभिनेता व भाजपा नेता मिथुन ने 27 अक्तूबर को उतर 24 परगना जिले में हुए भाजपा के एक कार्यक्रम यह भाषण दिया था। इस पर अब पाकिस्तानी गैंगस्टर ने मिथुन को धमकी दी है।

# दिल्ली समेत एनसीआर में एक्यूआई बेहद खराब, सांसों पर खतरा

नई दिल्ली
एजेंसी

दिल्ली समेत एनसीआर में प्रदूषण रोकथाम के बीच बुजुर्गों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं की सांसों पर खतरा बरकरार है। कई इलाकों की हवा 400 के पार है। तो कहीं 300 एक्यूआई है। राजधानी में में हवा की खराब स्थिति बनी हुई है।

सर्द होते मौसम के साथ बढ़ रहे प्रदूषण से लोगों की समस्या बढ़ गई है। सुबह और शाम के समय सड़क पर निकल रहे लोग लंबे समय तक खांसी, आंखों व गले में जलन, सांस लेने में दिक्कत के साथ परेशान है। आज सोमवार सुबह भी दिल्ली के कई इलाकों में धुंध की एक हल्की चादर नजर आई। अक्षरधाम के आसपास के क्षेत्र में धुंध की एक परत नजर आई।



जहां एक्यूआई 378 दर्ज किया गया है, सीपीसीबी के अनुसार, प्रदूषण का स्तर बहुत खराब श्रेणी में है। आनंद विहार- 382, बवाना- 401, अशोक विहार- 380 एक्यूआई दर्ज हुआ है। यह आकंड़े सुबह आठ बजे तक के हैं। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के कालिंदी कुंज में यमुना नदी में जहरीला झाग तैरते दिख रहे हैं। जिसकी वजह से नदी में प्रदूषण का स्तर उच्च बना हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम सर्द होने के साथ प्रदूषण का स्तर बढ़ा है। निचले स्तर पर प्रदूषण कण होने के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। इसमें ऐसे लोग भी परेशान हो रहे हैं जिन्हें पहले कोई समस्या नहीं रही।

राजधानी में स्मॉग और धुंध ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। इससे दृश्यता बेहद कम दर्ज की जा रही है। जैसे-जैसे सर्दी करीब आ रही है, वैसे ही दृश्यता में गिरावट देखने को मिल रही है। रविवार को सफदरजंग में सुबह के समय दृश्यता 500 मीटर रही। जोकि अमूमन इस समय एक हजार मीटर से अधिक रहती है। वहीं, सुबह साढ़े पांच बजे से लेकर छह बजे के बीच पालम में 700 मीटर दृश्यता रिकॉर्ड की गई। इससे सुबह के समय लोगों को दूर तक देखने में परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी वाहन चालकों को हुई। साथ ही, स्मॉग की वजह से लोगों को सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यही नहीं, आंखों में भी जलन महसूस की गई।

सीपीसीबी के अनुसार मौसमी बदलाव के चलते वायु गुणवत्ता में सुधार देखने को मिला।

# जोहार महोत्सव में दिखी संस्कृति की शानदार झलक

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता





जोहार महोत्सव के आखिरी दिन लोकगायकों ने शानदार प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। सीमांत की संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। देर रात तक कुमाऊं, गढ़वाल और नेपाल के गायकों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

तीन दिनी महोत्सव में जोहारी संस्कृति की शानदार झलक दिखी। जोहार सांस्कृतिक वेलफेयर सोसायटी की ओर से एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित महोत्सव के आखिरी दिन रविवार सुबह से कार्यक्रम शुरू हो गए। सबसे पहले पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई। इसके बाद फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्हे बच्चे पारंपरिक परिधान पहनकर मंच पर उतरे। इसी क्रम में महिलाओं की मेहंदी प्रतियोगिता भी कराई गई। देर शाम मुख्य अतिथि धारचूला विधायक हरीश धामी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद नेपाल के प्रसिद्ध गायक रामचंद्र काफले, जूनू रीजाल काफले ने हिमचूली में घाम लाग्यो..., नेपाल की छोरी छू में..., गढ़वाल के लोकगायक संजय कुमोला व मीना राणा ने जिया मेरा बलमा..., कुमाऊंनी गायक गोविंद दिगारी ने गोविंदी घुंघुरु बजा दे छम छमा... आदि गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। यहां सोसायटी के मुख्य संरक्षक गजेंद्र सिंह पांगती, संरक्षक प्रह्लाद सिंह मर्तोलिया, देवेंद्र सिंह धर्मसक्तू, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह पांगती, पुरमल सिंह मर्तोलिया, धीरेंद्र सिंह पांगती, कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र सिंह टोलिया, कैलाश सिंह, ध्रुव सिंह मर्तोलिया, खड्क सिंह रावत, केदार बृजवाल आदि थे। बच्चों ने फैंसी ड्रेस में पारंपरिक परिधान पहन मनमोहा जोहार महोत्सव में कक्षा आठ तक के बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई। इसमें एलकेजी से कक्षा एक वाले ग्रुप में भाविका, लक्षित जोशी, दिशानी, कक्षा दो से पांच तक के ग्रुप में अनिका रावत, जाह्नवी, इशिता व वैभव पांगती और कक्षा आठवीं तक के वर्ग में दीक्षांत त्रिपाठी, नाविका धर्मसक्तू, राशि और राघवेंद्र रावत ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। फैंसी ड्रेस में अहाना मर्तोलिया ने प्रथम, मयारा मर्तोलिया ने द्वितीय, युवा ने तृतीय स्थान पाया। इस मौके पर सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अभिनेता हेमंत पांडे भी मंच पर पहुंचे जोहार महोत्सव के आखिरी दिन अभिनेता हेमंत पांडे भी मंच पर पहुंचे। कार्यक्रम में मुनस्यारी की ब्लॉगर सीमा ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। इस दौरान उन्होंने शौका समाज की महानता का उल्लेख करते हुए कहा कि जोहार महोत्सव युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहा है।

# बूथ समितियों की स्थापना के लिए भाजपा का 10 दिवसीय अभियान

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी ने पूरे उत्तराखंड में अपने जमीनी स्तर पर समर्थन को मजबूत करने के उद्देश्य से बूथ समितियों की स्थापना के लिए 10 दिवसीय अभियान शुरू किया। भाजपा के राज्य मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि अभियान के दौरान पार्टी के प्रयासों के परिणामस्वरूप बूथ स्तर पर 11 सदस्यीय समितियां बनाई जाएंगी, जिनमें महिलाओं, युवाओं और एससी/एसटी समुदायों के प्रतिनिधियों को शामिल करके सामाजिक विविधता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि बूथ समितियां भाजपा के संगठनात्मक ढांचे की नींव हैं। चौहान ने इस बात पर जोर दिया कि समितियाँ पार्टी गतिविधियों और चुनाव प्रयासों दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, पार्टी और जनता के बीच प्राथमिक कड़ी के रूप में कार्य करती हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक समिति में मन की बात जैसी भाजपा पहल के लिए एक नामित अध्यक्ष, सचिव और विशिष्ट समन्वयक होंगे। अतिरिक्त भूमिकाओं में व्हाट्सएप संचार, लाभार्थी समन्वय और ओबीसी, एससी/एसटी, अल्पसंख्यक और अन्य सामाजिक श्रेणियों के लिए प्रतिनिधित्व जैसे कार्य शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि लैंगिक समावेशन सुनिश्चित करते हुए 11 सदस्यों में से तीन महिलाएं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पार्टी ने स्थानीय बूथ नेताओं के साथ समन्वय करते हुए गठन प्रक्रिया का मार्गदर्शन करने के लिए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को शक्ति केंद्र सहायक के रूप में नियुक्त किया है।

## NEWS / फटाफट

### कुमाऊं विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित



**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के देवदार सभागार में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सेमिनार में कृषि, एप्लाइड एवं जीवन विज्ञान के ज्वलंत मुद्दों पर कुमाऊं विश्वविद्यालय एवं प्लांटिक संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में कृषि, एप्लाइड एवं जीवन विज्ञान, वनस्पति, मानव, पृथ्वी परस्परता व स्थिरता वीपीएसआरएम विषय पर आयोजित किया गया। इस दौरान लाइफ साइंस के अंतर्गत वनस्पति विज्ञान विभाग की पूर्व शोध छात्रा डॉ.प्रतिभा ग्वाल ने बेहतरीन प्रस्तुति दी तथा एक्सीलेंस रिसर्च अवार्ड प्राप्त किया। इस अवसर पर संयोजक प्रो.जीत राम ,डॉ.अनूप बडोनी , सचिव डॉ. वंदना नेगी, डॉ. नेहा जोशी, डॉ. रंजीता समेत कूटा उपाध्यक्ष प्रो.नीलू लोधीयाल , महासचिव डॉ. विजय कुमार ,डॉ. संतोष कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### कृषि एप्लाइड एवं जीवन विज्ञान मुद्दे पर दो दिवसीय सम्मेलन

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के देवदार सभागार में आयोजित किए जा रहे कृषि एप्लाइड एवं जीवन विज्ञान की ज्वलंत मुद्दों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में लाइफ साइंस के अंतर्गत वनस्पति विज्ञान विभाग की पूर्व शोध छात्रा डॉ. प्रतिभा ग्वाल ने बेहतरीन प्रस्तुति दी तथा एक्सीलेंस रिसर्च अवार्ड प्राप्त किया। इस अवसर पर संयोजक प्रो. जीत राम समेत डॉक्टर अनूप बडोनी, सचिव डॉक्टर वंदना नेगी, डॉक्टर नेहा जोशी, डॉक्टर रंजीता उपस्थित रहे।

### ऑटो चालकों ने पुलिस पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**हल्द्वानी।** आरटीओ द्वारा सत्यापन करवा चुके ऑटो चालकों ने पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में पहुंचे ऑटो चालकों ने बताया कि उनके द्वारा परिवहन विभाग का सत्यापन कराया गया है वह यूनिफॉर्म और आई कार्ड पहनकर भी चल रहे हैं उसके बावजूद सीपीयू और पुलिस उन्हें जगह-जगह रोककर पुलिस सत्यापन के नाम पर परेशान कर रही है और चालान काट रही है। जबकि आरटीओ द्वारा सत्यापन अभियान में पुलिस सत्यापन भी साथ किया जाना था लेकिन कई ऑटो चालकों का पुलिस सत्यापन नहीं हुआ है इस वजह से पुलिस उन्हें बेवजह परेशान कर रही है। वही सिटी मजिस्ट्रेट,ऋचा वाजपेई ने बताया कि ऑटो और ई रिक्शा के सत्यापन के लिए अभियान चलाया गया था उसमें तीन दिन का समय और दिया गया है इन तीन दिन के समय में सभी का आरटीओ और पुलिस सत्यापन किया जाएगा।



# दो दिवसीय जिला स्तरीय सब जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप शुरु

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के गोवर्धन हाल में रविवार से जिला ताइक्वांडो क्लब की ओर से दो दिवसीय जिला स्तरीय सब जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप शुरु हो गयी है। कार्यक्रम का उद्घाटन ताइक्वांडो एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष चंद्रविजय सिंह बिष्ट ने किया।

बता दें प्रतियोगिता में जिले भर कि दर्जन भर टीमों ने प्रतिभाग किया। रविवार को आयोजित मुकाबलो में सभी टीमों ने अपने- अपने मुकाबले जीत कर अगले चक्र में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में वृंदावन ताइक्वांडो क्लब, संजय ताइक्वांडो क्लब, नैनीताल ताइक्वांडो क्लब, फ्यूचर ताइक्वांडो अकैडमी, तरुण ताइक्वांडो क्लब, रामनगर ताइक्वांडो क्लब तथा हल्द्वानी ताइक्वांडो क्लब, शुभम ताइक्वांडो क्लब के करीब 100 से अधिक खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के तहत फ इनल मुकाबला सोमवार (आज) को खेला जाएगा किसके बाद विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के उद्घाटन मौके पर समाजसेवी डा. सरस्वती खेतवाल, हाइकोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार जोशी, सुनील सिंह थापा, समीर कुमार, विनोद वैद्य, नितेश शर्मा, रोहित प्रसाद, कृष्णा,हरीश नयाल,भरत सिजवाली तथा सोनिया पांडे, तरुण भट्ट, करिश्मा तथा भास्कर सुयाल आदि मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के ज्योलीकोट स्थित संत अन्थोनी इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता (अंडर 17 व 19 बालिका वर्ग) का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 13 जिलों से आई 75 से ज्यादा बालिकाओं ने भाग लिया। पूरी प्रतियोगिता में पिथौरागढ़ जिले का दबदबा रहा और अधिकांश पदक जीतकर अपना परचम लहराया जबकि नैनीताल की हर्षिता पांडे और आयोजक विद्यालय की भावना शाही अपने वर्ग में अव्वल रही । तीन दिन के आयोजन में 42किलों से 81किलो भार वर्ग में पिथौरागढ़ की कोमल नगरकोटी, दीपिका,कृष्णा,नेहा बल्दिया, कोमल लोधीया, अलीशा, चांदनी, बबीता, भूमिका,कोमल चंद तथा मीनाक्षी तथा निकिता जॉर्ज ने अपने प्रतिद्वंदियों को धूल चटा कर विजयीश्री हासिल करते राष्ट्रीय स्तर पर खेलना सुनिश्चित किया। समापन पर आयोजक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न स्वागत गीत, सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम के साथ अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि भीमताल ब्लाक के ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख हिमांशु पांडे समेत सीईओ पी .एल. टम्टा, बॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष निर्वाण मुखर्जी,प्रधानाचार्य सिस्टर मैरी तथा विशिष्ट अतिथि फ़ादर नेल्सन और अन्य वक्ताओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के ज्योलीकोट में सफ ल आयोजन के लिए आयोजकों की प्रशंसा करते कहा कि इस पहल से प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाडियों का भविष्य उज्जवल होगा तथा प्रतिभागियों की मेहनत और प्रतिभा प्रदेश और देश का नाम उज्वल करेगी। संचालन नवीन पांडे ने किया। निर्णायक मण्डल में देवेंद्र जीना,दिनेश चंद्र, धर्मेंद्र बोरा,जोगेंद्र बोरा,पुष्पा दर्मवाल,अजय कुमार और भगवत बोरा सम्मलित थे जबकि अंतराष्ट्रीय कोच देवेंद्र भट्ट बतौर ज्यूरी उपस्थित थे। विद्यालय प्रबंधक मर्सिलिना तथा ग्राम प्रधान शशि चनियाल,रजनी रावत,अमित कुमार, हरगोविंद रावत, सिस्टर मारियल्ला तथा राजेन्द्र कोटलिया,जीवन चंद्र,नवल कुमार, देव जोशी,रमेश जीना तथा राम दत्त चनियाल उपस्थित थे। अंत में प्रतियोगिता के मुख्य प्रभारी आर. एस. जीना ने आयोजन में सभी के सहयोग पर आभार व्यक्त किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। -संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक **श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा उत्तरांचल दीप प्रेस चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अनदेखा: स्थापना दिवस तो मनाया पर कूड़े-कचरे को छोड़ा राम भरोसे

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के ऐतिहासिक डीएसए मैदान में शनिवार को राज्य का स्थापना दिवस मनाया था लेकिन स्थापना दिवस मनाने के बाद वहां पर बिखेरे कूड़े को हटाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गयी, रविवार को दिनभर पूरे क्षेत्र में कूड़ा इधर उधर बिखरा रहा जिससे तीव्र दुर्गंध भी आ रही थी।

बता दें कि शनिवार को राज्य स्थापना दिवस मल्लीताल स्थित डीएसए के बास्केटबॉल ग्राउंड में मनाया गया। इस दौरान नगर में विभिन्न होटलों ने कार्यक्रम के तहत ही फूड फेस्टिवल भी मनाया लेकिन वहां पर साफ करना भूल गए। रविवार को चारों तरफ गंदगी देखने को मिली। मामले में नैनीताल नगर पालिका अधिशासी अधिकारी दीपक गोस्वामी ने कहा है कि मामला संज्ञान में आने के बाद उन्होंने तुरंत सफाई कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दे दिए हैं।





# उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता





महिला अध्ययन केंद्र कुमाऊँ विश्वविद्यालय द्वारा शनिवार को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन किया।

जिसमें महिला अध्ययन केन्द्र की निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा ने उत्तराखण्ड राज्य के बारे में कई अहम जानकारी दी और उत्तराखण्ड की महिलाओं के निरन्तर योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण कैसे हुआ। आज 24 वर्षों में हमने क्या पाया और कहां पर हमें अभी प्रयास करना है। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर डॉ.किरन तिवारी ने पीपीटी के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य की भौगोलिक स्थिति से लेकर आज तक के महिलाओं के संघर्ष और उनके प्रयासों के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही उत्तराखंड की संस्कृति और खानपान, जीवन शैली, मंदिरों के प्रकार, कृषि, नदियों और रीति-रिवाज़ पर स्लाइड शो किया गया। जिसमे संस्कृति से रोजगार की अपार सम्भावनाओं पर भी परिचर्चा की गई। साथ ही पलायन, रोजगार और स्वास्थ्य उत्तराखंड की चुनौतियों के बारे में विस्तार से बताया गया। पारम्परिक ज्ञान के संरक्षण और रोजगार सृजन के लिए आगामी दिनों में महिला अध्ययन केन्द्र वर्कशाप का आयोजन करेगा। इस दौरान सत्येन्द्र तिवारी, खुशबू आर्या, अविनाश जाटव, राकेश कुमार, कृष्ण कुमार समेत अन्य लोग रहे।

# अभिमत



## आत्मावलोकन करें

*अखिलेश यादव को उपचुनाव में स्थिति कमजोर नजर आ रही है, इसलिए अफसरशाही पर दबाव बनाने के लिए आरोप लगा रहे हैं। अफसरशाही के जरिये यदि चुनाव जीते जाते तो एक बार सरकार बनने के बाद कोई पार्टी सत्ता से बेदखल नहीं होती। केन्द्र और राज्यों में कई बार चुनाव के जरिये सत्ता पलट हुआ है। एक तरफ अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की सरकार पर अफसरशाही को विपक्ष के खिलाफ इस्तेमाल करने का आरोप लगा रहे हैं और दूसरी तरफ समुदाय विशेष के दंगाइयों पर कार्रवाई करने पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों पर निशाना साधते हैं।*

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में जातिवाद भड़काने के साथ ही अफसरशाही पर भी निशाना साध रहे हैं। अखिलेश यादव का आरोप है कि शासन के बड़े अधिकारी उपचुनाव में सपा को हराने के लिए भाजपा के इशारे पर साजिश कर रहे हैं। अंबेडकरनगर के जिलाधिकारी भाजपा के जिला अध्यक्ष की तरह काम कर रहे हैं। जातिवाद और परिवारवाद का पर्याय समाजवादी पार्टी है। अखिलेश यादव के पिता मुलायम सिंह यादव ने जाति और समुदाय विशेष को सीढ़ी बनाकर राजनीति की ऊंचाई को छुआ। अखिलेश यादव अच्छी तरह जानते हैं कि उनके परिवार के कितने सदस्य समाजवादी पार्टी में किस-किस पद पर हैं। अखिलेश यादव का यह आरोप किसी भी तरह गले नहीं उतर सकता कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के कार्य करने का तरीका जर्मनी के तानाशाह हिटलर जैसा है। सिपाहियों को जाति के आधार पर हटाया जाता है। सच यह है कि मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव जब सत्ता में थे, तब पुलिस में भर्ती के दौरान सबसे ज्यादा यादव और समुदाय विशेष के लोग नियुक्त होते थे। अफसरशाही के जरिये समाजवादी पार्टी को हराने की साजिश का आरोप भी सही नहीं है, यदि ऐसा होता तो लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी दूसरे नंबर पर नहीं पहुंचती। भाजपा के बाद सबसे अधिक सीटों पर समाजवादी पार्टी को सफलता मिली है। चुनाव प्रक्रिया का संचालन अधिकारियों के माध्यम से निर्वाचन आयोग करता है। जिलाधिकारी और पुलिस के अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कार्य करते हैं। अधिसूचना जारी होने के बाद सरकार किसी भी अधिकारी के कार्य में दखल नहीं दे सकती है। अखिलेश यादव को उपचुनाव में स्थिति कमजोर नजर आ रही है, इसलिए अफसरशाही पर दबाव बनाने के लिए आरोप लगा रहे हैं। अफसरशाही के जरिये यदि चुनाव जीते जाते तो एक बार सरकार बनने के बाद कोई पार्टी सत्ता से बेदखल नहीं होती। केन्द्र और राज्यों में कई बार चुनाव के जरिये सत्ता पलट हुआ है। एक तरफ अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की सरकार पर अफसरशाही को विपक्ष के खिलाफ इस्तेमाल करने का आरोप लगा रहे हैं और दूसरी तरफ समुदाय विशेष के दंगाइयों पर कार्रवाई करने पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों पर निशाना साधते हैं। मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव ने सत्ता में रहते हुए जाति के आधार पर अधिकारियों के साथ भेदभाव किया और नौकरशाही को परेशान किया। किसी भी पार्टी की सरकार में अफरशाही का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए।

# अनुशासन और समयबद्धता पर दें विशेष ध्यान

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



लीलाधर पांडे की अध्यक्षता में गवर्नमेंट पेंशनर वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन हल्द्वानी शाखा की मासिक बैठक अरुणोदय धर्मशाला में आयोजित की गई बैठक का संचालन विजय तिवारी महासचिव द्वारा किया गया।

एजेंडा बिंदुओं के अनुसार बैठक में श्याम सिंह रावत ने गवर्नमेंट पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए संगठन द्वारा उनकी सकारात्मक पहल पर चर्चा की गई तथा सभी सदस्यों से अपील की गई की सदस्य गण अनुशासन एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें सदन में वक्ताओं में मुख्य रूप से एमके तिवारी, लक्ष्मण सिंह गौनिया, केके तिवारी द्वारा पेंशनर्स के पेंशन से राशिकरण की जा रही अधिक कटौती पर रोक लगाने हेतु रिट याचिका से संबंधित बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया तथा कार्मिकों से अपील की गई की सभी लोग इसमें तन मन धन से अपना सहयोग प्रदान करेंगे इसके अतिरिक्त बैठक में सीपी मिश्रा द्वारा एमएल शाह तथा रविंद्र सिंह केड़ा ने संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु अपने सकरात्मक विचार रखें कोर कमेटी द्वारा सदन के आगामी वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम पर भी चर्चा करते हुए सभी सदस्यों ने कहा कि वार्षिक कार्यक्रम एवं पेंशनर्स डे का स्थल सुगम एवं सभी सुविधाओं से परिपूर्ण हो । आज की बैठक में 8 नए सदस्यों चंद्रभान पांडे, कृष्णा मिश्रा रमेश चंद, कपिल, डीएस मेहता, एमके तिवारी, सुरेश चंद, ललित मोहन पांडे, केके तिवारी, हरिशंकर मिश्रा ने सदस्यता ग्रहण की जिनका सदन में माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। लीलाधर पांडे ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सदन के सदस्यों से यह अपील की गई कि संगठन को मजबूत एवं संवर्धन करने के लिए अपना आर्थिक सहयोग तथा पेंशनर डे की तैयारी पर अपने विचार व्हाट्सएप ग्रुप पर शेयर करने का कष्ट करेंगे तथा संगठन की आगामी बैठक की प्रस्तावित तिथि दिसंबर के द्वितीय शनिवार को प्रस्तावित कर इसमें प्रतिभाग करने की अपील की गई।

## अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

**हल्द्वानी।** बीती रात अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया इस उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई टक्कर मारने वाला वहां स्वामी वहां से फरार हो गया।

बीती रात अंबेडकर नगर निवासी 38 वर्षीय मोंटी मंगल पड़ाव से अपने घर की ओर आ रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी यह देख स्थानीय लोग एकत्र हो गए वाहन चालक ने भीड़ देखकर अपने वाहन को लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया और उसके परिजनों को सूचना दी जहां उपचार को दौरान मोंटी की मौत हो गई अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया मृतक टेंपो चलाता था। घटना से उसके परिवार में और कोहराम मचा है।

## अखिल भारतीय प्राइवेट सैक्टर बैंक यूनियन सेल की दो दिवसीय अहम बैठक

**नैनीताल।**

**हमारे संवाददाता**




अखिल भारतीय प्राइवेट सैक्टर बैंक यूनियन सेल की नगर के मल्लीताल स्थित रायल हैरिटेज हाल में नैनीताल बैंक स्टाफ एसोसिएशन के सहयोग से चल रही दो दिवसीय अहम बैठक का रविवार को समापन हो गया। बैठक में रत्नाकर बैंक, कैथोलिक सीरियन बैंक, एचडीएफसी,तमिलनाडु मार्केंटाइल बैंक,धनलक्ष्मी बैंक, कर्नाटक बैंक, फेडरल बैंक,कोटक महेंद्रा बैंक,नैनीताल बैंक तथा करूर वैश्य बैंक से आए बैंक प्रतिनिधियों ने अपने-अपने बैंकों की समस्याओं को प्राथमिकता से बैठक में उठाया। बैठक में वक्ताओं ने इस बात को लेकर गहरी नाराजगी जताई कि बैंकों में भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता से नहीं हो पा रही है,सभी ने एक स्वर में आईबीपीएस के माध्यम से बैंकों में भर्ती प्रक्रिया किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बैंकों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से बैंक कर्मियों की भर्ती होना बिल्कुल भी ठीक नहीं है उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग के बजाए बैंकों में कर्मियों की नियमित नियुक्तियां हों। बैठक में नैनीताल बैंक के शेयरों को बैंक आफ बडौदा को बचने के मुद्दे पर भी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे।

बैठक में बैंक कर्मियों के पेंशन व शोषण के मुद्दे पर भी विचार विमर्श हुआ। इसके साथ ही विभिन्न बैंकों की मैनेजमैंट की कार्यप्रणाली को लेकर भी गहन-विचार मंथन किया गया। अखिल भारतीय प्राइवेट सैक्टर बैंक यूनियन सेल की शनिवार को आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता सेल के वाईस चैयरमैन मधुसूधन ने की जबकि संचालन सेल के अध्यक्ष के.जी.फनीन्द्र ने किया। बैठक में एआईबीए के महामंत्री सी.एच. वेंकटाचलम तथा संयुक्त सचिव रजनीश गुप्ता, नैनीताल बैंक स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय गुप्ता, महामंत्री प्रवीण साह,उपाध्यक्ष मुकेश पंत व निर्मल जोशी समेत अजित राजू,गौरव तिवारी,सुरेश शुक्ला, रजत साह, हिमेश परिहार,शैलेंद्र नेगी, अजय बिष्ट,मोहन बिष्ट, विजय गुप्ता, मयंक मेलकानी,मोहित मिश्र,महेंद्र सिंह बिष्ट तथा धर्म सिंह,सुरेश पाल, रमेश राम,राजू राजौरिया आदि मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## लाहौर 1947 से पहले इन फिल्मों में साथ दिखे सनी देओल-प्रीति जिंटा



*सनी देओल और प्रीति जिंटा अगली बार लाहौर 1947 में साथ नजर आएंगे, जिसका फैंस को इंतजार है। इससे पहले कई फिल्मों में वे दोनों साथ काम का चुके हैं। सनी देओल और प्रीति जिंटा की फिल्में लंबे समय से दर्शकों को लुभा रही हैं। बॉलीवुड की सबसे मशहूर ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में से एक सनी-प्रीति की जोड़ी कई प्रतिष्ठित फिल्मों में उनकी प्यारी केमिस्ट्री प्रशंसकों के दिलों के करीब है। अब प्रशंसक उनकी आगामी सहयोग वाली लाहौर 1947 की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। चलिए जानते हैं, इससे पहले किन फिल्मों में सनी देओल और प्रीति जिंटा साथ नजर आ चुके हैं। अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित सनी देओल और प्रीति जिंटा की 2003 में आई फिल्म द हीरो लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई इस जोड़ी की सबसे लोकप्रिय फिल्मों में से एक है। यह ब्लॉकबस्टर फिल्म एक अंडरकवर रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) एजेंट मेजर अरुण खन्ना (सनी देओल) की कहानी है, जिसे सीमा पार आतंकवाद के बारे में खुफिया जानकारी जुटानी है। ऐसा करने के लिए उसे कश्मीर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर भेजा जाता है। वह एक पाकिस्तानी लड़की रेशमा (प्रीति जिंटा) के प्यार में पड़ जाता है और जैसे-जैसे उनका रोमांस परवान चढ़ता है, उसे अंततः अपने प्यार और देश के बीच चुनाव करना पड़ता है। फिल्म में सनी देओल, प्रीति जिंटा, प्रियंका चोपड़ा , अमरीश पुरी, कबीर बेदी, राजपाल यादव जैसे कलाकार हैं।*

### भैयाजी सुपरहिट और दिल्लगी

*अगर आप कॉमेडी और ड्रामा का बेहतरीन मिश्रण देखने की सोच रहे हैं तो 2018 की भैयाजी सुपरहिट आपको निराश नहीं करेगी। नीरज पाठक द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कहानी भैयाजी (सनी देओल) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक खूंखार गैंगस्टर है और फिल्म निर्माता बनने की ख्वाहिश रखता है। 199 की दिल्लगी में सनी और प्रीति से साथ काम जरूर किया है, लेकिन वास्तव में प्रीति जिंटा और सनी देओल की फिल्म नहीं है, जिसमें उन्हें रोमांटिक जोड़ी के रूप में दिखाया गया है। इस फिल्म में प्रीति जिंटा ने एक विशेष भूमिका निभाई थी।*

## कार्यशाला: कार्यकर्ता भाजपा संगठन की रीढ़- राजेंद्र बिष्ट

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय जनता पार्टी के बिठौरिया मंडल कार्यशाला संगठन पर्व संगठनात्मक चुनाव कार्यशाला फुलदेई वेक्ट हाल में आयोजित सम्पन्न हुआ। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि संगठन हमेशा कार्यकर्ताओं से चलता है और हर एक बूथ अध्यक्ष हमारी रीड है। दिनेश खुलबे ने भारतीय जनता पार्टी की पूरी रूपरेखा कार्यकर्ताओं को समझाई और संगठन के बारे में समझाया उन्होंने कहा कि हमारा बूथ का कार्यक्रम ही हमारे चुनाव को जितता है। प्रभारी हरिमोहन अरोड़ा ने कहा कि संगठन में सभी लोगों को एकत्रित होकर के आगे की चुनाव की प्रक्रिया में जुड़ जाना है और संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ में लगातार काम करना है हमारा नारा है बूथ जीता चुनाव जीता। मंडल अध्यक्ष सुरेश गोड, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, मुख्य वक्ता दिनेश खुल्बे, मंडल प्रभारी हरिमोहन अरोड़ा, मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट, विनोद मेहरा,अमीत चौधरी मंडल महामंत्री दीपक सनवाल महामंत्री दीपक बिष्ट मंडल सम्पूर्ण टीम व शक्ति केन्द्र व बूथ की टीम मौजूद रहीं, मंच संचालन दीपक सनवाल ने किया।



News कॉर्नर

## दिनदहाड़े सरे बाजार से बाइक चोरी

**हल्द्वानी।** वाहन चोरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है वाहन चोर आए दिन किसी न किसी के वहां पर हाथ साफ कर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। वाहन चोरों ने दिनदहाड़े सरे बाजार से एक बाइक चुराकर पुलिस की सक्रियता की पोल खोल दी है। वाहन स्वामी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सोपी है पुलिस में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है पंकज कुमार पुत्र स्वर्गीय श्यामलाल निवासी सुयाल कॉलोनी बरेली रोड 2 दिन पूर्व रानी बाग से हल्द्वानी पहुंचा था उसने अपनी बाइक संख्या ह्व04 आर 6613 मंगल पड़ाव स्थित होली ग्राउंड के पास खड़ी कर के वह फल विक्रेता के ठेले पर जाकर फल खरीदने लगा कुछ देर के बाद जब वह फल खरीद कर बाइक के पास पहुंचा तो उसके पैरों के नीचे से धरती खिसक गई उसने देखा कि उसकी बाइक वहां से गायब थी उसने आसपास के लोगों से बाइक के बारे में जानकारी जुटाई लेकिन बाइक का कहीं से पता नहीं लग पाया। वाहन स्वामी पंकज ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को सौंप कर अज्ञात चोरों को जल्द पकड़ने की बात कही है पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## पर्यटकों से नैनीताल खचाखच, कारोबारी खुश

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार को अन्य दिनों की तुलना में पर्यटकों की आवक अधिक होने से नगर में सुबह से लेकर शाम तक काफी रौनक देखने को मिली। पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार करने के साथ ही स्नोव्यू, चिड़ियाघर, केव गार्डन, हिमालय दर्शन, वाटरफाल, हिमालयन बाटनिकल गार्डन समेत अन्य दर्शनीय स्थलों में भ्रमण किया।नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट के अनुसार पिछले वीकेंड से नैनीताल आने वाले सैलानियों की आमद में इजाफा हुआ है।

# इंटर स्कूल मेमोरियल ऐपण प्रतियोगिता में सनवाल स्कूल नैनीताल का कब्जा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

साह-चौधरी समाज द्वारा अपनी संस्कृति और धरोहर के संरक्षण हेतु रविवार को प्रथम राजेंद्र लाल साह ओपन और 11वीं चंद्र लाल साह इंटर स्कूल मेमोरियल ऐपण प्रतियोगिता का विशेष आयोजन नगर के प्रतिष्ठित वृंदावन स्कूल में शीला साह, आलोक साह और राखी साह के सहयोग से किया। प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में 13 प्रतिभागियों और इंटर स्कूल में नैनीताल के 5 स्कूल के 27 बच्चों द्वारा भागीदारी की गई। इंटर स्कूल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में सनवाल स्कूल नैनीताल का कब्जा रहा।

बता दें कि प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी नैनीताल प्रमोद साह थे,साह की ओर से भी ऐपण की बारीकियों पर विचार रखे गए और बताया गया की ऐपण को बनाने के कुछ नियम है लेकिन समय के साथ ये सब खत्म हो गए हैं लेकिन आयोजकों द्वारा बच्चों और बड़ो को फि र से अपनी संस्कृति की तरफ जोडने् के लिए एक अच्छा प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर ऐपण के तकनीकी निर्णायक व परंपरा संस्था के निदेशक बृज मोहन जोशी द्वारा प्रतिभागियों को ऐपण बनाने की बारीकियों से अवगत करवाया गया।



प्रतियोगिता के इंटर स्कूल संवर्ग में प्रथम स्थान निहारिका साह (एमएल साह बालिका इंटर कालेज ),द्वितीय स्थान स्वर्णिका साह (आल सेंट्स कॉलेज) व तीसरा स्थान आरती आर्या (सनवाल स्कूल) जबकि चतुर्थ स्थान अस्मिता (सनवाल स्कूल) तथा पंचम स्थान भूमिका त्रियाल (भारतीय शहीद सैनिक स्कूल),छठा स्थान कृतिका (भारतीय शहीद सैनिक स्कूल) ने हासिल किया। प्रतियोगिता के ओपन संवर्ग में प्रथम स्थान अंकिता रौतेला,द्वितीय स्थान मेघना साह तथा तीसरा स्थान दीक्षा साह,चतुर्थ स्थान मुन्नी चौधरी,पंचम स्थान मीना साह व छठा स्थान नंदी चौधरी ने हासिल किया। प्रतियोगिता के निर्णायक बृजमोहन जोशी,शीला साह,सुधा साह तथा जानकी साह रही।प्रतियोगिता के विभिन्न संवर्गो के विजेता प्रतिभागियों को पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रमोद साह समेत सुरेश लाल साह, सुरेश चंद्र चौधरी तथा मनोज साह के द्वारा

पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सभी निर्णायकों को भी सम्मानित किया गया और वृंदावन स्कूल को उनके सहयोग के लिए एक मोमेंटो साह चौधरी समाज द्वारा भेंट किया गया। इस मौके पर प्रतियोगिता की संयोजक राखी साह ने कहा कि अगले वर्ष प्रतियोगिता को आयोजित करने से पूर्व अप्रैल माह में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर साह-चौधरी समाज नैनीताल के अध्यक्ष सुरेश साह, सचिव सुरेश चौधरी समेत शैलेंद्र चौधरी, हितेश साह, हर्षित साह,मयंक साह, मोहित लाल साह,भारती साह, मोहित लाल साह तथा घनश्याम लाल साह आदि मौजूद रहे। अंत में संचालक शैलेंद्र साह ने सभी का आभार जताया।

# कांग्रेसियों ने मूर्ति हटाने को लेकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

तल्लीताल चौराहे से गांधी की मूर्ति हटाने के विरोध में कांग्रेसियों ने विरोध तेज कर दिया। दो दिन पूर्व कांग्रेसी नेताओं ने लोनिवि की ओर से गांधी मूर्ति के समीप किये जा रहे निर्माण कार्य को तोड़ दिया था। जिसके बाद अब कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

मालूम हो कि नैनीताल के तल्लीताल डांठ चौराहे पर हो रहा चौड़ीकरण कार्य शुरुआत से ही विवाद में रहा है। लोनिवि की ओर से चौराहे में चौड़ीकरण कर निर्माण कार्य कर दिया है। अब विभाग की ओर से झील की ओर गांधी की मूर्ती के समीप दीवार लगाई जा रही है।

बीते शनिवार को दीवार गांधी मूर्ती तक पहुंचने पर राज्य आंदोलनकारी तथा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुन्नी तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने



विरोध किया था। जिसके बाद सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डांठ चौराहे पर एकत्र होकर जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि वह किसी भी कीमत पर गांधी की मूर्ति को वहां से नहीं हटने देंगे।

कहा कि वह चौराहे के बीच में हुए निर्माण कार्य को भी तोड़ देंगे। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल, अधिवक्ता सूरज पांडे, पूर्व पालिका अध्यक्ष मुकेश जोशी, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सरस्वती खेतवाल, नैनीताल जिला बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव दीपक रूपली, कमल कुंजवाल, महिला कांग्रेस की नगर अध्यक्ष भावना भट्ट, खष्टी बिष्ट, रमेश पांडे, शाकिर अली, मोहन कांडपाल बंटू आर्य राजेन्द्र ब्यास वीरेंद्र दिनेश उपाध्याय शुभम आदि लोक उपस्थित थे।

# राज्य आंदोलनकारी शहीद प्रताप बिष्ट को श्रद्धांजलि दी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के राज्य आंदोलनकारियों ने नैनीताल के राज्य आंदोलन में शहीद हुए प्रताप सिंह बिष्ट को याद किया। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारियों ने चिड़ियाघर रोड स्थित उनके स्मारक में उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

बता दें कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी ईशा साह द्वारा की गई,इस दौरान उत्तराखंड राज्य आंदोलन में शहीद होने वाले प्रताप सिंह बिष्ट समेत सभी शहीदों के नाम कैंडल जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी और आंदोलन के दिनों को याद किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राजीव लोचन साह ने प्रताप बिष्ट की आरएएफ द्वारा गोली मारकर की गई हत्या का वाक्या बताया गया। आंदोलन के दिनों को याद करते हुए राज्य आंदोलनकारी व पूर्व विधायक डा. नारायण सिंह जंतवाल ने कहा कि जिस सपने को लेकर उत्तराखंड राज्य की लड़ाई शुरू की थी आज 24 वर्ष बाद भी हम वो उत्तराखंड नहीं बना पाए जिसको लेकर पृथक राज्य बनाने की परिकल्पना की थी। राज्य आन्दोलनकारी कंचन चंदोला ने भी राज्य की दुर्दशा पर प्रकाश डाला वहीं शाकिर अली द्वारा पलायन में चर्चा की गई। अधिवक्ता कौशल साह जगाती तथा दिग्विजय सिंह बिष्ट ने भी अपने विचार रखे, कार्यक्रम में कई और वक्ताओं ने भी अपने विचार रहे। सभी वक्ताओं ने नैनीताल के सौदर्यीकरण के प्रति प्रशासन द्वारा की जा रही मनमानी पर अपना रोष प्रकट किया।

संचालन अविदित नौलियाल नें किया। इस दौरान ब्रिजेश कुमार, अधिवक्ता प्रत्युल धूसिया, प्रकाश पाण्डे, कैलाश तिवारी, दिनेश उपाध्याय आदि राज्य आंदोलनकारी व अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन कौशल साह जगाती, दिग्विजय सिंह बिष्ट, गौरव पवार, ईश्वर सिंह बिष्ट व अविदित नौलियाल के विशेष सहयोग से किया गया। इससे पूर्व नगर पालिका परिषद के सफाई पर्यवेक्षक कमल सिलेलान तथा दिनेश पवार समेत अक्षय पवार, अनिल पवार, गोपाल, पेरमवती, सावित्री देवी, रिषिपाल तथा सुशीला देवी ने स्मारक स्थल पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसकी सभी ने सराहना की।

# भारत विकास परिषद का प्रश्नमंच का कार्यक्रम संपन्न

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भारत विकास परिषद शाखा कठगोदाम का भारत को जानो का प्रश्नमंच का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 36 वरिष्ट एव कनिष्ट टीमो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीटी मजिस्ट्रेट ए बी बाजपेयी ने कहा वैश्विक सामाजिक एव राजनैतिक परिपेक्ष्य में भारत को जानो प्रतियोगिता का महत्व है क्यों की ओपन अर्थव्यवस्था के करण विदेशी बातो का प्रभाव अत्यधिक हो रहा हैएसे समय में भारत को जानो अपने देश की विभिन्निता को जागरूक रख के बड़ा कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रांत से आये परिवेक्षक डॉ अतुल राजपाल, प्रा स मंत्री डॉ विनय खुल्लर अध्यक्ष दीपक माहेशेवरी , सचिव नीलम शर्मा , गरिमा सिंघल ने किया। क्विज़ मास्टर अंजू भट्ट एव अपर्णा नेगी थी। प्रतियोगिता में कनिष्क वर्ग में प्रथम स्थान बीरशिबा स्कूल एव द्वतीय स्थान लिटिल फ्लावर एसिडमी ने प्राप्त की। वरिष्ट वर्ग में प्रथम निर्मला कॉन्वेंट सी से स्कूल एव द्वितीय स्थान सरस्वती एकेडमी ने प्राप्त की। कार्यक्रम में रश्मि जैन, दीपक बिस्ट, राजेश अग्रवाल, रेनू बिस्टअरुणा सक्सेना, सुशील मित्तल आदि उपस्थित थे।




## 129वें दिन भी आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण की मांग को लेकर किए जा रहे पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण आंदोलन रविवार को 129वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनके नेतृत्व में रविवार को कुमाऊं मंडल विकास निगम पिथौरागढ़ के कर्मचारियों के द्वारा मां गुरना देवी मंदिर परिसर में पूर्व में लगाए गए पौधों की देख रेख की गई साथ ही वृहद स्तर पर विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।

# रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने शराब तस्कर दबोचा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है पुलिस ने उसे कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया है टीपी नगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट अपने दलबल के साथ बीती रात तीनताश से गश्त करते हुए।

देवलचौड़ की ओर आ रहे थे तभी मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी की एक व्यक्ति शराब लेकर आ रहा है क्योंकि प्रभारी दीपक बिष्ट ने रामपुर रोड स्थित हाई स्कूल के खंडहर के पास पहुंचकर शराब तस्कर को गहरा बंदी करते हुए पकड़ लिया जिसके पास से



10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई पुछ ताज में तस्कर ने अपना नाम सुंदर पुत्र नारायण निवासी ग्राम डाबोली थाना कांडा बागेश्वर बताया।

जब पुलिस सख्ती के साथ तस्कर से पूछा तो उसने बताया कि वह हरिपुर जमन रामपुर रोड में रहता है और अपने हाथ से शराब बन कर महंगे दामों में वहां के मजदूरों को बेचता है जिससे उसका घर का गुजर बसर चलता है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

# सेवानिवृत राजकीय पेंशनर्स कल्याण एसोसिएशन की बैठक

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सेवानिवृत राजकीय पेंशनर्स कल्याण एसोसिएशन की रविवार को हुई मासिक बैठक में एसोशिएशन का अधिवेशन आगामी अप्रैल-2025 में करायें जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने एक सोशल मीडिया के द्वारा कुमाऊ विश्वविद्यालय के खिलाफ अनर्गल भ्रामक खबरों से विश्वविद्यालय की खराब की जा रही छवि पर गहरी चिंता व्यक्त की गई।

बैठक में एसोशिएशन के महामंत्री बहादुर सिंह बिष्ट ने बताया कि आगामी वर्ष 2025 के अप्रैल माह के द्वितीय सप्ताह में एक भव्य तरीके से अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में विगत दिनों एक सोशल मीडिया में कुमाऊं विश्वविद्यालय के खिलाफ




भ्रामक खबरों से हो रही विश्वविद्यालय की खराब हो रही छवि पर गहरी चिंता व्यक्ति की गई तथा सम्बंधित आरोपो की निष्पक्ष जांच कराई जाने की मांग शासन से की गई की गयी। बिष्ट में बताया कि बैठक में राज्य कर्मचारी संघ परिषद की जिलाध्यक्ष असलम अली ने एसोसिएशन के आगामी अधिवेशन के लिए परिषद की तरफ बीस हजार रुपए की धनराशि देने की घोषणा दी की। बैठक में तय किया गया कि 80 वर्ष से ऊपर आयु वाले सदस्य पेंशनरों को अधिवेशन में सम्मानित किया जाएगा साथ ही स्कूलों से निर्धन एवं मेधावी छात्रों की सूची प्राप्ति कर छात्रवृत्ति प्रदान करने का भी बैठक में फैसला लिया गया । बैठक में विगत दिनों अल्मोड़ा जिले के मार्चुला में हुई दुर्घटना में दिवंगत हुए यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन की अध्यक्ष मंजू बिष्ट द्वारा की गई। बैठक में गिरीश चंद्र उप्रेती, चंद्रकांता खोलिया, मुन्नी थापा, सुनील साह, गिरिश चंद जोशी, ए. आर. आर्य, निर्मल पांडेय, जगदीश सिंह बिष्ट, कुंवर सिंह जलाल, खुशाल सिंह कार्की, यतींद्र साह, ललित मोहन पांडेय, त्रिलोक सिंह रौतेला, एच. एस. महराज, विनीता बिष्ट, एच. एस. भैंसोड़ा,राजीव गुरूरानी, मनोज चौधरी तथा हारुन रशिद तथा जगदीश सिंह बिष्ट सहित कई पेंशनर्स उपस्थित थे। संचालन एसोसिएशन के महासचिव बहादुर सिंह बिष्ट ने किया।